Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems being faced by BSNL subscribers in Maharashtra.

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): अध्यक्ष महोदय, आज अपने देश के करोड़ों भारतवासी और साथ ही साथ 1 लाख 7 हजार कर्मचारी बहुत चिंतित हैं । इसका कारण है, बी.एस.एन.एल. की दयनीय अवस्था । आज सवेरे प्रश्नकाल में भी इसके ऊपर चर्चा हुई ।

अध्यक्ष महोदय, आप भी अच्छी तरह से जानते हैं कि पूरे देश में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की जो योजनाएं हैं, जो गरीब लोगों तक जाती हैं, चाहे वह बैंक का व्यवहार हो, पोस्ट बैंक का व्यवहार हो या कहीं अनुदान की व्यवस्था हो, ये सारी व्यवस्थाएं बी.एस.एन.एल. से जुड़ी हुई हैं । ग्रामीण इलाकों के सारे के सारे गांव बी.एस.एन.एल. से जुड़े हुए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आज बी.एस.एन.एल. पूरे तरीके से बंद हो रही है । क्या उसे आप बंद करने वाले हैं? इनकी पर्याय व्यवस्था क्या होनी वाली है, इसके बारे में केन्द्र सरकार को अपना बयान इस हाउस में देने की जरूरत है । मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार और खासकर प्रधान मंत्री जी से विनती करना चाहता हूं कि यह सबसे बड़ी सरकारी कंपनी है । यह देश के सारे देशवासियों तक पहुंचे, इसके बारे में आप हस्तक्षेप करें और सरकार का ध्यान स्पष्ट करें ।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री राहुल रमेश शेवाले और

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री विनायक भाउराव राऊत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I associate with Shri Vinayak Bhaurao Raut.